आईआईटी, बीएचयू का सांस्कृतिक महोत्सव 'काशी यात्रा-2019'

रॉक म्यूजिक पर किया जमकर धमाल

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

वाराणसी।

आईआईटी (बीएचयू) के सांस्कृतिक महोत्सव 'काशी यात्रा-2019' में शुक्रवार को आईआईटी के छात्र-छात्राओं ने जमकर धमाल किया। तेज म्यूजिक के बीच सभी जमकर थिरके। रात में आयोजित इस कार्यक्रम में हिंदी गानों व रॉक म्यूजिक का यह समागम मनोरंजन से भरपूर था। रेड बुल म्यूजिक के द्वारा प्रस्तुत इस संध्या में उनकी फरमाईस का भी ध्यान दिया गया। रेड बुल म्यूजिक के द्वारा नये साल में यह पहला शो रहा।

नुक्कड़ नाटक हुल्लड़ व रागसमर का जादू दर्शकों को खूब रिझाया

इसके पूर्व पहले दिन के कार्यक्रम की शुरुआत सुबह राजपूताना ग्राउंड में नुक्कड़ नाटक हुल्लड़ एवं स्वतंत्रता भवन में रागसमर के जादू से हुआ। नुक्कड़ नाटक में आईटीकॉलेज (लखनऊ), अक्रॉपलिस (इंदौर), लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ देश के अन्य विख्यात विश्वविद्यालयों के

प्रतिभागियों ने भाग लिया। राजपूताना ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में आईआईटी (बीएचयू) प्रथम, एनआईटी एम

दूसरे तथा अक्रोपोलिस ने तीसरे स्थान पर रहा।

रागसमर: जिसमें प्रतियोगियों ने ध्वनि संगीत उपकरणों के प्रयोग से सबको खूब लुभाया। 18 टीम में 82 प्रतियोगियों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करते हुए सबको रोमांचित किया। रागसमर में अर्चीता टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं शंकरा व मेलोमइंड टीम को दूसरे व तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। निर्णायकमंडल में आशिकुत रहमान व त्रिदीप बासूमतरी ने कौशल को परखा।

स्ट्रीट डांस: राजपूताना ग्राउंड में दोपहर से शुरू हुए इस कार्यक्रम में देश भर से आए प्रतिभागियों ने ठुमके लगाए। उन्होंने न सिर्फ एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी, वल्कि दर्शकों को भी अपने साथ खूब नचाया। गोविंद के कोरीआग्रफर नीरज यादव व साहिल खान ने निर्णायक की भूमिका निभाई। वाद-विवाद, बैटलफ्रंट, स्क्रिप्चरिस्क साहित्य कला की प्रत्योगिताएं, जिसमें शामिल थे हिंदी वाद-विवाद, बैटलफ्रंट (अंग्रेज़ी वाद विवाद) तथा स्क्रिप्चरिस्क (रचनात्मक लेखन)। प्रतिभागियों ने अपने विचारों व अपने बोलने के कौशल का लोहा मनवाया। सभी प्रतियोगितायों के प्रेलिमस थे। आने वाले दिनों में अगले दिनों में और कड़ी टक्कर की संभावना है। 20 कॉलेज के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिंदी वाद विवाद में हिस्सा लिया। बैटलफ्रंट में 23 कॉलेज के 46 प्रतिभागियों ने अपना कौशल दिखाया। स्क्रिप्चरिस्क में प्रतिभागिता 100 के भी पार पहुंच गई। काशी यात्रा में भाग लेने वाले कालेजों में दिल्ली विश्व विद्यालय का मिरांडा हाउस, कानपुर का एचबीटीयू, लखनऊ यूनिवर्सिटी एवं जामिया मिलिया जैसे बड़े नाम शामिल है। मराजमिस्टर काशीयत्रा तथा मिस काशियात्रा का पद हंसिल करने के लिए देश भर से आए छात्रों एवं छात्राओं ने रैम्प पर अपना जलवा बिखेरा। गत गुरुवार को आयोजित प्रेलिमस में बाजी मारने वालों को शुक्रवार को फाइनल में हिस्सा लेने का अवसर मिला। निर्णायक मंडल में मिस इंडिया रनर उप सुश्रुति कृष्णा एवं एनआइएफटी हैदराबाद से यशस्वी आनंद शामिल थी। डिजाइन एलीगेंट के फाइनल में पहुंची 11 टीमों ने रचनात्मक थीमों के आधार पर अपने द्वारा तैयार की हुई वेश भषा धारण कर सबका मन मोहा।

काशी यात्रा में कॉसमॉस स्पोर्ट्स स्टेसन का स्टाल

वाराणसी। आईआईटी, बीएचयू द्वारा राजपूताना ग्राउंड पर आयोजित काशी यात्रा-2019 में नगर के जानेमाने व्यवसायियों ने अपने-अपने स्टाल लगाये हुए हैं। इसमें कॉसमॉस स्पोर्ट्स स्टेसन के अदिष्ठता ज्योति सिंह और शशांक सिंह ने भी काशी यात्रा में भाग लेते खेल से जुड़े सामानों का स्टाल लगाया है, जो प्रतिभागियों के लिए आकर्षकण का केंद्र वनी हुई है।